D.T.C. buses between Delhi and Gurgaon

3011. SHRI GHUFRAN AZAM: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the number of DTC buses running from Gurgaon to Delhi and vice-versa is very low;

(b) if so, the reasons therefor;

(c) whether the route of the DTC buses, which were passing through Kendriya Terminal in recent past, running from Gurgaon to Shivaji Stadium and vice-versa has been changed;

(d) if so, the reasons therefor;

(e) whether Government propose to restore the old route keeping in view the problems of Central Government employees who are mostly working in nearby areas of Kendriya Terminal;

(f) if so, what are the details thereof; and

(g) if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) Yes, Sir.

(d) The routes were changed due to uneconomical operations.

(e) No, Sir.

(f) Does not arise.

(g) Due to fleet constraint and uneconomic operations, it is not possible to restore the old routes.

राष्ट्रीय राजमार्ग-31 की दूरी कम किया जाना

3012. **श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग 31 को सरमेरा से मोकामा के बीच सीधे जोड़कर इसकी दूरी लगभग 80 किलोमीटर कम की जा सकती है;

(ख) क्या इस मार्ग का निर्माण हो जाने के फलस्वरूप करोड़ों रुपये के ईधन, तेल तथा काफी समय की बचत की जा सकती है;

(ग) क्या इस योजना के माध्यम से लाखों ग्रामीण लोगों को, जो कठिनाई का सामना कर रहे हैं, यात्रा सुविधाएं मिल सकती हैं; और

(घ) यदि उपरोक्त भाग (क) और (ख) का उत्तर "हां" में है, तो क्या सरकार उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग-31 को नवादा से मोकामा तक सरमेरा से होते हुए जोड़ने का विचार रखती है, यदि हां, तो कब तक?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर): (क) से (घ) जी हां। नए मार्गों का निर्माण, नए क्षेत्रों को जोड़ने के अलावा हमेशा दूरियों में कमी, समय और ईधन की बचत को ध्यान में रखकर किया जाता है ताकि ग्रामीण लोगों के लिए यात्रा सुविधाएं प्रदान की जा सकें। तथापि, प्रश्नगत मार्ग के लिए राज्य सरकार से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती हुई संख्या

3013. **श्री राम जेठमलानी:**
श्रीमती सुषमा स्वराज:

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में प्रकाशित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा नीति संबंधी प्रारूप में देश में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती हुई संख्या को रोकने के लिए सरकार को अनेक उपायों की सिफारिश की गई है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि निरन्तर बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के कारण देश को काफी जान-माल के नुकसान का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि हां, तो देश में जान और माल के औसत वार्षिक नुकसान का अलग-अलग ब्यौरा क्या है; और

(घ) उपरोक्त नीति में सुझाये गये ऐसे उपायों का ब्यौरा क्या है जिन्हें सड़क दुर्घटनायें रोकने के लिए सरकार द्वारा अभी तक कार्यान्वित किया जा चुका है?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर): (क) जी हां।